प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 11.06.2025

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता।**
- **थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम किशोरपुर में स्थित इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे का हथौड़ा बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी श्री अन्शुमान सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी रावतपुर कानपुर नगर द्वारा दिनांक 09.06.2025 को दी गयी तहरीर जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल पम्प कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में थाना बरौर पर मु0अ0सं0-19/25 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त 1. रोहित पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम निगोही थाना बरौर जनपद कानपुर देहात को मुखबिर की सूचना पर बरौर से मुंगीसापुर जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे का हथौड़ा बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. रोहित पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम निगोही थाना बरौर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-19/25 धारा 109(1) बीएनएस थाना बरौर कानपुर देहात।

बरामदगी –

1. घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे का हथौड़ा।

गिरफ्तार करने वाली थाना बरौर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्रीमती अमिता वर्मा
2. हे0का0 465 योगेन्द्र सिंह
3. हे0का0 642 यशवीर सिह
4. का0 819 महेन्द्र कुमार
5. म0का0 108 अंशू शर्मा